तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, बुधवार, 27 नवंबर 2024

11 गुंडरदेही में आदिवासी समाज सामुदायिक भवन का अमितेश...



12 डॉक्टर, मरीजों के साथ अच्छा व्यवहार करके त्वरित ...





PHOENIX®
श्री बालाजी स्केल
इलेक्ट्रॉनिक वजन तराजू और सिस्टम
सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
विक्रेता एवं सुधारक



डिगेन्द्र यादव - 9993001348
पता : देवांगन कॉम्प्लेक्स, छल्लानी पेट्रोल पंप के सामने, नवापारा, मो. 9303991861

## खबर संक्षेप



### छात्रों ने ली संविधान दिवस की शपथ

**नवापारा-राजिम।** मंगलवार को आईसेक्ट में भारतीय संविधान को अपनाने के सम्मान में संविधान दिवस को उत्साह से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत एक विशेष सभा से हुई, जिसमें आईसेक्ट के निदेशक बलराम देवांगन ने संविधान एवं संविधान के मूल्यों को बारे में छात्र-छात्राओं को विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि 26 नवंबर 1949 को भारतीय संविधान सभा द्वारा दुनिया का सबसे विशाल संविधान को अपनाया गया। भारतीय संविधान सभा के अध्यक्ष भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर थे। संविधान दिवस के उपलक्ष्य में आईसेक्ट की वरिष्ठ शिक्षिका सुश्री साखी निर्मलकर द्वारा छात्र-छात्राओं को संविधान के प्रति सम्मान एवं पालन की शपथ दिलाई गई। इस कार्यक्रम में आईसेक्ट के समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं ने संविधान के पालन की शपथ ली। इस अवसर पर आईसेक्ट के स्टाफ साखी निर्मलकर, खिलेश्वरी साहू, भुनेश्वरी साहू, संध्या यादव, पूर्वी साहू, विजय साहू एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### बल्लार सिंग बनाए गए छुरा सहकारी समिति के अध्यक्ष



**छुरा।** राज्य सरकार द्वारा सभी कृषि साख समितियां के लिए अध्यक्षों का नाम मनोनीत कर जारी कर दिया गया है। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक छुरा के आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित छुरा के लिए बोरियाझर निवासी बल्लार सिंह को अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर मनोनीत अध्यक्ष बल्लार सिंग को समिति के प्रबंधक रामकरण द्विवेदी, रुपनाथ बंजारे छग श्रमिक संगठन मज़दूर संघ जिलाध्यक्ष, रामजी पटेल,समिति के सभी अधिकारी, कर्मचारियों ने शुभकामनाएं दीं।

### ओडिशा की शराब सहित एक युवक गिरफ्तार



**मैनपुर।** देवभोग पुलिस ने ओडिशा की अवैध शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार देवभोग पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 26 नवंबर के सुबह एक व्यक्ति आरोपी विनोद धुर्वा पिता वासु धुर्वा उम्र 38 वर्ष साकिन मोटरापारा थाना देवभोग जिला गरियाबंद ग्राम खम्हारगुड़ा तरफ से सागौनबाड़ी की ओर एक सफेद रंग की बोरी में ओडिशा प्रान्त के शराब को अवैध रूप से बिक्री करने हेतु रखकर पैदल आते समय पकड़ लिया। उसके कब्जे से एक सफेद रंग की बोरी में रखा ओडिशा प्रांत का कुल 35 नग डबल लाल घोड़ा छाप पाउच कच्ची महुआ शराब प्रत्येक पाउच में 200 एम.एल. शराब भरा हुआ कुल 7 बल्क ▶▶|शेष पेज 10 पर

## धान खरीदी : किसानों को 110 करोड़ 50 लाख रुपए का भुगतान

# जिले में अब तक 47 हजार 941 मीट्रिक टन धान की हुई खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

■ अवैध धान परिवहन के 30 प्रकरण में 2235 .20 क्विंटल धान जब्त

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में जिले में धान खरीदी का सिलसिला अनवरत जारी है। 14 नवम्बर से शुरू हुए धान खरीदी अभियान में अब तक 47 हजार 941 मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। जिले में अब तक 10 हजार 732 किसानों से 110 करोड़ 50 लाख रुपए धान खरीदी किया गया है। धान खरीदी का यह अभियान आगामी 31 जनवरी तक चलेगा।

खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस खरीफ वर्ष के लिए गरियाबंद जिले में 90 हजार 970 किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है। इसमें 4662 नये किसान शामिल हैं। इस वर्ष 90 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 5 लाख 36 हजार 768 मीट्रिक टन धान की खरीदी अनुमानित है। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि 10 हजार 732 किसानों से 47 हजार 941 मीट्रिक टन धान खरीदी हुई है। इसके लिए 9728 टोकन जारी किए गए थे। आगामी 3 दिवस के लिए 6833 टोकन जारी किए गए हैं। खाद्य अधिकारी सुधीरचन्द्र गुरु ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में गरियाबंद जिले के 20 राइस मिलों को चावल जमा नहीं करने एवं स्टॉक सत्यापन में कमी पाए जाने के आधार पर कार्यवाही प्रारंभ करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के धान खरीदी की चाक-चौबंद व्यवस्था की गई हैं। अब तक जिले में अवैध धान परिवहन के कुल 30 प्रकरण बनाए गए हैं, जिसमें 8 वाहन के साथ कुल 2235.20 क्विंटल धान जप्ती की कार्यवाही की गई है। किसी भी स्तर की गड़बड़ी रोकने के लिए एवं जिले में सतत निगरानी हेतु नियंत्रण कक्ष कलेक्टोरेट में बनाया गया है, जहां से उपार्जन केन्द्रों के लाइव फुटेज देखे जा सकेंगे।

धान की गड़बड़ी रोकने कलेक्टोरेट में बनाया गया नियंत्रण कक्ष



# धान खरीदी केंद्रों में बारदाने की समस्या



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

■ अब कर्मचारियों और किसानों के बीच बारदाने के लिए तू-तू मैं-मैं की स्थिति बन रही

बेलर-चरौदा क्षेत्र के किसानों को खरीदी केंद्र में आसानी से बारदाना उपलब्ध नहीं होने से परेशान हैं। मंगलवार को चरौदा उपार्जन केन्द्र में किसान और अधिकारी कर्मचारी के बीच बारदाने को लेकर तू-तू मै-मै होते देखा गया। किसान की समस्या को नव नियुक्त प्राधिकृत अधिकारी चरौदा ईतवारी सिन्हा ने राजिम विधायक रोहित साहू को किसान की समस्या से अवगत कराया। उन्होंने इनके माध्यम से

किसानों को सहयोग करने की अपील की। अभी मिलर्स की हड़ताल चल रही है। इस कारण कुछ समय के लिए स्थिति बदली है। विधायक ने बताया कि सहकारिता मंत्री केदार कश्यप से मिलकर बारदाना संबंधित समस्या पर चर्चा की है। एक दो दिन में स्थाई समाधान निकाल लिया जायेगा।

मंगलवार को चरौदा खरीदी केंद्र पहुंचे किसान चेतन सिन्हा, टिकेन्द्र सिन्हा, पवन सिन्हा, सिकंदर, ध्रुव, बालमुकुंद, रमेश यादव, राजू सिन्हा, भोजराम साहू ने कहा सरकार बदली लेकिन किसान की समस्या वहीं की वहीं बनी है। सभी किसानों को इस बार उम्मीद थी कि धान खरीदी केंद्र में बारदाने की कमी नहीं होगी, लेकिन पुराने सरकार की तरह इस सरकार में भी वही समस्या बनी हुई है। आपको बता दे कि चरौदा बेलर में बारदाने की कमी से किसान जूझ रहे हैं। इसके फलस्वरूप अपना धान समय पर सोसाइटी में आगे बेच पाने में कठिन होगा। किसान इन दिनों बारदाने ▶▶|शेष पेज 10 पर

# पीएम आवास, नक्शा सुधारने की रखी मांग राशन व विकलांग कार्ड भी बनवा दें साहब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

■ कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं

कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने आज जनदर्शन में जिले के अलग- अलग क्षेत्र से आये लोगों की मांग, समस्याएं एवं शिकायतें सुनी। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने आज जनदर्शन में 72 लोगों की समस्याओं को ध्यान से सुना और संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक समस्या का संभावित निराकरण सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है। जनदर्शन में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया और अपनी समस्याएं, जैसे भूमि विवाद, राशन कार्ड, पेंशन, पीएम आवास, वनअधिकार पट्टा एवं अन्य विषयों से जुड़े आवेदन प्रस्तुत किए। संबंधित विभागों को निर्देश देते हुए कलेक्टर ने कहा कि सभी प्रकरणों ▶▶|शेष पेज 10 पर




**मुख्यमंत्री नोनी सशक्तीकरण सहायता योजना की राशि दिलाएं**

ग्राम रवेली की सुशीला कश्यप ने मुख्यमंत्री नोनी सशक्तीकरण सहायता योजना की राशि प्रदान करने , ग्राम कुण्डेल की मानकी मारकण्डे ने प्रधानमंत्री आवास हेतु, ग्राम कोचवाय की ममता बाई यादव ने प्रधानमंत्री आवास दिलाने, ग्राम बारुका के मीतकुमार विश्वकर्मा ने बन्दोबस्त त्रुटि सुधार करने, ग्राम कुम्हरमरा के गोविन्द राम यादव ने शौचालय निर्माण की स्वीकृति प्रदान करने आवेदन प्रस्तुत किया। इस दौरान कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके आवेदनों के निराकरण के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

## धान मिंजाई करते ट्रैक्टर में लगी आग, चालक बचा...



**मैनपुर।** गरियाबंद जिले के देवभोग विकासखंड अंतर्गत ग्राम खलियाभाठा में धान मिंजाई करते समय मंगलवार को एक ट्रैक्टर के इंजन में आग लग गई। देखते ही देखते आग भड़क गई और ट्रैक्टर चालक ने कूदकर अपनी जान बचाई। साथ ही 50 बोरा धान भी जलकर राख हो गया।

## सर्दी के मौसम में बढ़ने लगा रसोई का स्वाद

# ग्रामीण क्षेत्र से हरी सब्जियों की आवक बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

सर्दी के मौसम का इंतजार साल भर रहता है। सर्दी का मौसम न केवल ठंडी के एहसास के लिए होता है, बल्कि इस सीजन में आने वाले हरी सब्जियों के लिए भी लोग इंतजार करते हैं। बताते चलें कि पूरे प्रदेश में राजिम क्षेत्र और महानदी, पैरी के तटवर्ती आसपास के सौ गांव सब्जी की खेती के लिए मशहूर है।

यहां के मेहनतकश पटेल समाज, सोनकर समाज सहित कई और समाज है जो सब्जियों का उत्पादन करते हैं और ये सब्जी जब मार्केट में पहुंचती है तो बेहतरीन स्वाद के साथ रेट सस्ता हो जाता है। माना जाता है कि छत्तीसगढ़ में भाजियों की सबसे ज्यादा वैरायटी उपलब्ध है। यहां के लोग तरह-तरह के भाजी खाना पसंद करते हैं। इस सीजन में चौलाई भाजी, लाल भाजी, मेथी भाजी, प्याज भाजी, कुसुम भाजी, पालक भाजी, चना भाजी, चेज भाजी एवं लाखड़ी भाजी आ रही है। अन्य मौसम की तुलना में सर्दियों में सब्जियों के भाव कम रहते हैं। इसीलिए भी लोग इस मौसम का बेसब्री से इंतजार करते हैं। नवापारा नदी किनारे नेहरू गार्डन के रोज भरने वाले बाजार में देसी टमाटर, बरबट्टी, भिंडी गोभी, गवारफली, भाजी, मूली धनिया, मेथी, अदरक, मिर्ची, कद्दू, तरोई ,लौकी, सिंघाड़ा अभी पर्याप्त मात्रा में बिकने को आ रहा है। सब्जियों के दाम में अभी उतनी कमी नहीं आई है, किंतु माना जा रहा है कि दिसंबर माह में सब्जियों के दाम में कमी अवश्य आएगी, क्योंकि लोकल उत्पादन वाले होने वाली सब्जियां माह दिसंबर एवं जनवरी में ज्यादा मात्रा में आने लगती है।



### हर घर में बन रहे बड़ी और पापड़

सर्दियों के सीजन का इंतजार छत्तीसगढ़ में बड़ी, पापड़ एवं बिजोरी बनाने के लिए भी किया जाता है। चूंकि बाजार में रखिया, केला, पपीता पर्याप्त मात्रा में आने लगा है। मौसम भी साफ है, इसलिए घर की महिलाएं रखियां बड़ी, पपीता बड़ी, केला बड़ी, पापड़ एवं बिजोरी बनाने लग गए हैं। सर्दी के इस मौसम में मोहल्ले की महिलाएं इकट्ठा होकर बड़ी एवं बिजौरी एवं पापड़ बनाती है। गाजर एवं मटर आ रहा है। ये नई फसल है जो 80 रूपए किलो की दर से बाजार में बिक रहा है। आवक कम है इसलिए भाव ज्यादा है।

बोर खनन
राजीव लोचन बोरवेल व कुणाल एग्रो राजिम
बड़ा गाड़ी खनन करें- ₹95 प्रति फुट, केसिंग - ₹350 प्रति फुट, 7 इंच वेल्डिंग - ₹250, सॉकेट- ₹300, फिल्टर - ₹1000
छोटे गाड़ी खनन करें- ₹100 प्रति फुट, केसिंग प्लास्टिक- ₹200 प्रति फुट, फिल्टर- ₹1000
100 वोल्टेज में चलने वाला पंप, साबर, एक्वा फ्लो, फ्लो मार्का उपलब्ध है।
बोर नकदी में, पंप 3 महीने के लिए उधारी में।



बोर खनन के लिए संपर्क करें-
मुकेश साहू पता- गरियाबंद रोड, सांई मंदिर के सामने
मो. 7828297607,9009541542

पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

**खबर संक्षेप**



## जिले में अब तक 64109 टन धान की खरीदी

**रायपुर।** खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के अंतर्गत रायपुर जिले में समर्थन मूल्य पर अब तक 139 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से 15,578 किसानों से 64109 टन धान खरीदा गया। इस खरीदी में अब तक 147 करोड़ 61 लाख रूपए राशि की धान खरीदी गई। उल्लेखनीय है कि जिले में धान की खरीदी की प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है, जिससे किसानों को समर्थन मूल्य पर अपनी उपज बेचने में सहायता मिल रही है। किसानों को समर्थन मूल्य का लाभ पहुंचाने और प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है। इस बार की खरीदी प्रक्रिया में किसानों का विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

## कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी नागरिकों की समस्याएं



**रायपुर।** कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने साप्ताहिक जनदर्शन में सोमवार को कलेक्टोरेट परिसर के रेडक्रॉस सभाकक्ष में आम नागरिकों की समस्याएं सुनी। कलेक्टर जनदर्शन में कुल 43 आवेदन आए है। कलेक्टर ने इन आवेदनों के माध्यम से लोगों की समस्याएं सुनकर अधिकारियों को जल्द से जल्द उनकी समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए है। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अविनाश मिश्रा, सहायक कलेक्टर अनुपमा आनंद, अपर कलेक्टर कीर्तिमान सिंह राठौर, संयुक्त कलेक्टर उमाशंकर बंदे भी उपस्थित थे।

## प्रोफेसर मारोठिया फिर से बने आईएसएई के अध्यक्ष

**रायपुर।** कृषि और प्राकृतिक संसाधन अर्थशास्त्र के एक प्रमुख विशेषज्ञ प्रोफेसर दिनेश मारोठिया को इंडियन सोसाइटी ऑफ एग्रीकल्चरल इकोनॉमिक्स (आईएसएई) का निर्विरोध अध्यक्ष दूसरे कार्यकाल के लिए पुनः चुना गया है। आईएसएई एक प्रतिष्ठित संगठन है, जिसकी स्थापना 1939 में की गई थी। चुनाव हाल ही में संपन्न 84वें आईएसएई वार्षिक सम्मेलन में हुआ, जो पं. जवाहरलाल नेहरू कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट कराईकल पुडुचेरी में आयोजित हुआ था। वे अपने पहले कार्यकाल के दौरान प्रोफेसर मारोठिया ने महत्वपूर्ण सुधार लागू किए, जिनसे आईएसएई की पत्रिका की गुणवत्ता में सुधार हुआ, वैश्विक प्रकाशनों के अवसर बने, जीवन सदस्यता में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई और राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में भागीदारी को बढ़ावा मिला। उनके नेतृत्व में आईएसएई ने वित्तीय घाटे से उबरकर वित्तीय स्थिति को लाभ में बदला।

## खंबों पर नहीं लगाई स्ट्रीट लाइट, विधायक से की शिकायत



**रायपुर।** स्ट्रीट लाइट की समस्या को लेकर श्री साईं दर्शन आवासीय समिति साईंनगर जोरा के रहवासियों ने संयुक्त हस्ताक्षर अभियान चलाया। साथ ही सोमवार को विधायक अनुज शर्मा से मुलाकात की और अपनी समसयाओं से अवगत कराया। इसी दौरान उन्होंने बताया कि जोरा के कैनाल रोड पर एक दुर्गा मंदिर से लेकर दूसरे दुर्गा मंदिर चौक साहूपारा से होते हुए नवनिर्मित बालाजी कैंसर रिसर्च अस्पताल तक अनेक बिजली के खंबों पर आज तक नगर निगम द्वारा स्ट्रीट लाइट नहीं लगाई गई है. विधायक ने उनकी समस्या को गंभीरता से लिया और तत्काल संबंधित जोन कमिश्नर को प्रभावित क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए कॉल किया। साथ ही लिखित में भी समुचित दिशा-निर्देश दिए।

# विद्यालय में संविधान दिवस और जनजातीय गौरव दिवस समापन समारोह का आयोजन

**कार्यक्रम के आयोजन के उद्देश्यों पर प्रस्तुत किया गया वक्तव्य**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

नगर के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कोसमबुड़ा में 26 नवम्बर को संविधान दिवस और जनजातीय गौरव दिवस उत्सव के समापन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान बिरसा मुंडा और संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्पांजलि से हुआ। उपस्थित मुख्य अतिथि एवं अतिथियों का हरित स्वागत विद्यालय की कैप्टन भूमिरानी ठाकुर एवं वाइस कैप्टन गीतांजलि ध्रुव के द्वारा किया गया। इसके पश्चात विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर कमलाकांत यादव के द्वारा कार्यक्रम के आयोजन के उद्देश्यों पर वक्तव्य प्रस्तुत किया गया। संविधान दिवस के 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर सभी का अपने वक्तव्य से मार्गदर्शन किया इसके पश्चात कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत हुई।




### संविधान दिवस के महत्व पर चर्चा

संविधान दिवस के 75वें वर्षगांठ के अवसर पर संविधान की प्रस्तावना का पाठ विद्यालय के शिक्षक सुधांशु द्वारा सभी छात्र छात्राओं,शिक्षकों और अतिथियों को करवाया गया। जबकि मूल अधिकारों पर आशुतोष और मूल कर्तव्यों पर निर्मल कुमार शर्मा ने प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि श्रीमती टोकेश्वरी मांझी ने अपने संबोधन में संविधान के आदर्शों और जनजातीय समाज के गौरवपूर्ण योगदान की सराहना की। उन्होंने छात्रों को अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक होने का संदेश दिया। समाजसेवी शीतल ध्रुव ने संविधान एवं जनजातीय समुदायों के योगदान पर एक विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम का समापन विकास के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि टोकेश्वरी मांझी जनपद पंचायत अध्यक्ष, छुरा थी। अतिथि के रूप में समाजसेवी शीतल ध्रुव, शिक्षकजन,कर्मचारी एवं समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। समारोह में 8 नवंबर से 26 नवंबर तक आयोजित जनजातीय गौरव दिवस की विभिन्न गतिविधियों का विवरण कार्यक्रम संयोजक आशुतोष त्रिपाठी द्वारा प्रस्तुत किया गया। इनमें निबंध लेखन, नुक्कड़ नाटक, चित्रकला प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी, पोषण अभियान, और भगवान बिरसा मुंडा का जन्मोत्सव शामिल थे। इन गतिविधियों ने छात्रों को जनजातीय समाज और उनके योगदान को समझने का एक अनूठा अवसर दिया। इसमें विभिन्न विधाओं में स्थान प्राप्त किए गए छात्र-छात्राओं के नामों की घोषणा की गई। इन सभी छात्र-छात्राओं को विद्यालय के वार्षिकोत्सव में पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। जानवी, मोदिका, हिना, कृतिका, रश्मि,लेखिता ने छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक लोक नृत्य और गार्गी, मधु, तोषण, बसंत, घनश्याम,कैलाश,सुजल,प्रवीण, डिकेश एवं दीपांशु ने आदिवासी समूह गान प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नारायणी, मुकेश्वरी, डिम्पल, देविका, प्रिंसी, मोहिनी, लिसा, रेणुका, चंचल और चित्रलेखा ने छत्तीसगढ़ी त्योहार नृत्य प्रस्तुत किया। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले पोखराज और खुशहाल की जोड़ी ने अपनी प्रस्तुति दी।

**आयोजन : कलेक्टर ने ली अधिकारियों की समीक्षा बैठक**

# स्कूली बच्चों के आय, जाति, निवास प्रमाणपत्र शत-प्रतिशत बनाए जाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में विभागीय योजनाओं में प्रगति के संबंध में समय-सीमा की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने विभिन्न विभागों में लंबित प्रकरणों की जानकारी लेकर सभी प्रकरणों का समय - सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने लोगों को योजनाओं से शत- प्रतिशत लाभान्वित करने के उद्देश्य से छूटे हुए पात्र लोगों के लिए विशेष रूप से सेचुरेशन करने के निर्देश दिये। उन्होंने सर्वे सूची अनुसार मुलभूत सुविधाओं से वंचित लोगों की जानकारी लेकर उन्हें सेचुरेशन से लाभान्वित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने इसके लिए सभी जनपद सीईओ को गंभीरतापूर्वक कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने समीक्षा बैठक में वन अधिकार पट्टों के लिए लंबित प्रकरणों की भी जानकारी ली। कलेक्टर ने ऐसे लंबित प्रकरणों की विधिवत जांच परीक्षण कर आवश्यक निराकरण करने के निर्देश दिये।

> ■ छूटे हुए पात्र लोगों के लिए विशेष रूप से करें सेचुरेशन

कलेक्टर ने बैठक में स्कूली बच्चों के आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र के प्रगति की भी जानकारी ली। उन्होंने छुटे हुए बच्चों के प्रमाण पत्र बनाने के कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिये। उन्होंने छूटे हुए पात्र लोगों का शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, ई-केवायसी, लैंड सीडिंग, राशन कार्ड में ई-केवायसी की प्रगति, ई-पोर्टल में दर्ज श्रमिकों की राशनकार्ड बनाने की प्रगति, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका की नियुक्ति, अनुकंपा नियुक्ति, आवारा पशुओं के नियंत्रण, जनशिकायत सहित अन्य विषयों में समीक्षा की गई। इस दौरान बैठक में वनमण्डलाधिकारी लक्ष्मण सिंह, उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन सभी एसडीएम, सभी जनपद सीईओ सहित विभाग प्रमुख अधिकारी मौजूद थे।






### समिति गठन के बाद प्रबंधन योजनाओं का विकास एवं कार्ययोजना तैयार की जाएगी

गरियाबंद। कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने आज अपने कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय निगरानी समिति डीएलएमसी की बैठक ली। जिसमें सामुदायिक वन संसाधनों के संरक्षण, संवर्धन, प्रबंधन एवं सतत उपयोग के लिए केन्द्र सरकार के दिशा निर्देश अनुसार अधिकार प्राप्त ग्राम सभाओं में सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समिति के गठन उपरांत प्रबंधन योजनाओं का विकास एवं कार्य योजना तैयार की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि सीएफआरएमसी द्वारा ग्रामसभा में इसके लिए संरक्षण और प्रबंध करने के लिए योजना बनाकर संबंधित दस्तावेज तैयार करें। संबंधित विभागों, समितियों और अधिकार धारक समुदायों के साथ वन्य जीवन, वन और जैव विविधता, जल ग्रहण क्षेत्रों, जलस्त्रोतों और अन्य पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों, जिसके भीतर उनके वन अधिकारों को मान्यता मिल चुकी है, की सुरक्षा के लिए समन्वय करना। साथ ही ग्राम सभाओं के वन अधिकार धारक जो सीएफआर क्षेत्रों पर निर्भर है, उनके संरक्षण और प्रबंधन में समुचित ध्यान रखे। ग्राम सभा के काम-काज से संबंधित रिकार्ड और दस्तावेज बनाकर संधारण करें। ग्रामसभा द्वारा समय-समय पर तय किये गये सभी कार्यो को करे एवं ग्रामसभा के प्रति जिम्मेदार रहे। सामुदायिक वन संसाधन अधिकार प्रबंधन योजना तैयार करते समय वन अधिकार धारकों के विचारों का ध्यान रखा जाए। उनके लिए सीएफआर प्रबंधन योजना के संचालन के लिए बैंक में चालू खाता खोलने के लिए प्राधिकार पत्र जारी करे। ग्रामसभा के प्रस्ताव से बैंक खाते से ही लेनदेन करे। प्रत्येक तीन माह में आय-व्यय की जानकारी रखे तथा प्रतिवर्ष आडिट कराने के निर्देश दिए।

## पथकर विक्रेताओं ने निकाली पदयात्रा, निगम मुख्यालय के सामने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में पथ विक्रेता कानून 2014 लागू करने की मांग को लेकर शहर के पथ विक्रेताओं ने शासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। फुटकर कल्याण संघ, छत्तीसगढ़ हाकर्स फेडरेशन और पथ विक्रेता कल्याण संघ के पदाधिकारियों सहित एनआईटी, आयुर्वेदिक कालेज, साइंस कालेज और जीई रोड के स्ट्रीट वेंडर्स ने अनुपम गार्डन से निगम मुख्यालय तक पदयात्रा निकाली और निगम मुख्यालय के सामने नारेबाजी कर निगम प्रशासन का ध्यान अपनी समस्याओं के प्रति आकर्षित कराया। साथ ही उपायुक्त विनोद पांडे और अपर आयुक्त राजेंद्र प्रसाद गुप्ता से मुलाकात की। अधिकारियों ने पथ विक्रेताओं के व्यवस्थापन की उचित व्यवस्था करने और जल्द बैठक करने का भरोसा दिलाया है। शहर में ठेले, गुमटियों के उचित व्यवस्थापन की व्यवस्था किये बिना नगर निगम पथ विक्रेताओं के समान जप्ती करने और ठेला गुमटियों को हटाने को लेकर स्ट्रीट वेंडरों ने राजधानी में गांधी सदन के सामने प्रदर्शन किया। वे छत्तीसगढ़ में 2014 का पथ विक्रेता कानून लागू करने की मांग कर रहे थे। पदयात्रा का नेतृत्व कर रहे हाकर्स फेडरेशन के अध्यक्ष गौतम बंदोपाध्याय ने कहा कि स्मार्ट सिटी बनाने का मास्टर प्लान सिर्फ कमीशन का खेल है। जिससे पूरा शहर प्रभावित है। जो मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है उसमें पथ विक्रेताओं के लिए कोई व्यवस्था नही है।

## शासकीय कचना धुरवा महाविद्यालय में मना संविधान दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

नगर के शासकीय कचना धुरवा महाविद्यालय छुरा में 26 नवम्बर संविधान दिवस मनाया गया। संविधान दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिता प्रश्नोत्तरी, रंगोली ,चित्रकला ,निबंध का आयोजन किया गया ।प्रथम द्वितीय स्थान पाने वाले प्रतिभागी को पुरस्कृत किया गया साथ-साथ सभी प्रतिभागी को संतावना के रूप में भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में नायब तहसीलदार तारेंद्र कुमार ठाकुर कार्यक्रम के अध्यक्षता डा.सी एच विशिष्ट अतिथि समाजसेवी शीतल धुव विशेष अतिथिगण डी .आर साहू , डॉ विनीत कुमार साहू ,सी पी सिंग,डी पी सिंह, रागिनी ठाकुर ।अतिथियों द्वारा रंगोली, चित्रकला का अवलोकन किया तत्पश्चा डॉ .भीमराव अंबेडकर ,भारत माता की छायाचित पर पूजा अर्चना एवं दीप प्रजजवलित कर शुभारंभ किया गया। अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ एवं बैच लगाकर किया गया। पल्लवी जगत एवं चांदनी ठाकुर के द्वारा राजकीय गीत प्रस्तुत किया गया।। कार्यक्रम के संबंध मे प्रोफेसर



डी आर साहू राजनीति विभाग द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता तारेंद्र कुमार ठाकुर नायब तहसीलदार ने कहा हमारा संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है। प्राचार्य पटेल के द्वारा संविधान का प्रस्तावना का वाचन किया गया, हम, भारत के लोग ,भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक ,गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक आर्थिक राजनीतिक न्याय ,विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास ,श्रद्धा और उपासना की स्वतंत्रता ,प्रतिष्ठा और अवसर की ,समता प्राप्त कराने के लिए ,तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित कराने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए, दृढ संकल्पित होकर अपने संविधान में 26 नवंबर 1949 ई को एदत द्वारा इस सिद्धांत को अंकिकृत अधिनियम और आत्मा आत्मार्पित करते हैं । शीतल ध्रुव ने कहा डॉ भीमराव अंबेडकर संविधान निर्माता का जीवनकाल संघर्षपूर्ण रहा है उससे हमें शिक्षा लेना चाहिए विषम परिस्थितियों भी हमआगे बढ़ सकते हैं। आज हमें अधिकार मिला है उन अधिकारों का सदुपयोग करते हुए अच्छे नागरिक बने कार्यक्रम का संचालन कुमारी चांदनी ठाकुर ने किया। आभार प्रोफेसर डॉ. साहू ने किया। कार्यक्रम में प्रोफेसर गण छात्र-छात्राएं स्टाफ उपस्थित था।

## नई चुनौतियों के लिए नए प्रावधान की जरूरत : डॉ आनंद महलवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

आईएसबीएम विश्वविद्यालय के विधि संकाय एवं आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय संविधान दिवस पर 26 नवम्बर को कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ आनंद महलवार ने किया तथा मुख्य वक्ता के तौर पर कुलसचिव डॉ बीपी भोल, विशिष्ट वक्ता के तौर पर शैक्षणिक अधिष्ठाता डॉ एन कुमार स्वामी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति डॉ आनंद महलवार ने कहा कि संविधान देश के नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करता है। आज संविधान के बदौलत ही व्यवस्था और न्याय सबके लिए




समान अवसर उपलब्ध कराता है। भारतीय संविधान में कई सारे प्रावधान विदेशों से लिया गया है लेकिन अब उनसे आगे बढ़कर नई चुनौतियों से निपटने के लिए कानून बनाये जाने चाहिए। आज कई सारी चुनौतियाँ है जैसे अन्तराष्ट्रीय कानून, डेटा शेयरिंग और डेटा सिक्युरिटी। इन चुनौतियों को लेकर भी जो कानून बनाये गए हैं उनका हमें पालन करना चाहिए। कुलसचिव डॉ बीपी भोल ने कहा कि देश में लोकतंत्र को स्थापित हुए सात दशक से ज़्यादा समय हो गया है लेकिन कई मामलों में अभी भी हमारी मानसिकता औपनिवेशिक दौर की है। उन्होंने कहा कि संविधान ही हमारे लोकतंत्र का अधिकार है। शैक्षणिक अधिष्ठाता डॉ एन कुमार स्वामी ने कहा कि देश में प्रत्येक जाति या क्षेत्र के लोग अपने आप को दूसरों से अलग मानते हुए स्वयं को श्रेष्ठ घोषित करते रहे हैं। ऐसे देश में सबको बराबरी का अधिकार एवं न्याय देना कितना चुनौतीपूर्ण रहा होगा। इसकी सिर्फ़ कल्पना की जा सकती है। विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता डॉ पी विश्वनाथन ने इस अवसर पर छात्रों को संबोधित किया। इस कार्यक्रम में रूपेश, टेमन, चिन्मया, केशव, कामिनी आदि छात्र-छात्राओं ने पोस्टर और पेंटिंग द्वारा संविधान के कुछ अनुच्छेदों का प्रदर्शन किया।


**नगर सरकार की नाकामियों को जनता तक पहुंचाएं : पूर्व मंत्री शुक्ल**

# दिवाली मिलन पर अमितेश ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को किया चार्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिला मुख्यालय में आयोजित दिवाली मिलन समारोह में पूर्व विधायक और प्रथम पंचायत मंत्री अमितेश शुक्ल ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को निकाय चुनाव में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से वर्तमान नगर सरकार की नाकामियों को जनता तक पहुंचाने की अपील की। इस मौके पर शुक्ल ने कहा, निकाय चुनाव कार्यकर्ताओं का चुनाव है। हमें अपनी पार्टी की उपलब्धियों और भाजपा सरकार की विफलताओं को घर-घर तक पहुंचाना होगा।

समारोह में शुक्ल ने कांग्रेस के वरिष्ठ और सक्रिय कार्यकर्ताओं का सम्मान किया और उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि संघर्ष कांग्रेस की पहचान है, और हमें जनता के हितों के लिए संघर्ष जारी रखना चाहिए। श्री शुक्ल ने बिजली बिलों में बढ़ोतरी, योजनाओं में






कटौती और भाजपा सरकार की विफलताओं को उजागर करने का आह्वान किया। निकाय चुनाव को लेकर शुक्ल ने एक सटीक रणनीति बनाने पर जोर दिया। कांग्रेस इस बार हर बूथ पर प्रभारी नियुक्त करेगी, जिन्हें चुनाव संचालन की जिम्मेदारी दी जाएगी। जोनवार वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को समन्वय का कार्य सौंपा जाएगा। शुक्ल ने कहा कि टिकट वितरण से लेकर बूथ संचालन तक हर कदम सोच-समझकर उठाया जाएगा। सूत्रों के अनुसार, भाजपा में चल रही अंतर्कलह का फायदा उठाने के लिए विशेष टीम बनाने की तैयारी कर रहे हैं। उनका उद्देश्य निकाय चुनाव में कांग्रेस की मजबूत स्थिति बनाना है। अमितेश शुक्ल का यह कदम कांग्रेस कार्यकर्ताओं को एकजुट कर निकाय चुनाव में जीत दिलाने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है।

**सफाई कर्मियों को दिया समर्थन9** कार्यक्रम के दौरान सफाई कर्मियों की रैली में शामिल होकर श्री शुक्ल ने उनके अधिकारों का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों के कारण निचले स्तर के कर्मचारी असंतुष्ट हैं, जिसके चलते प्रदर्शन की स्थिति बन रही है।

## पेज 9 के शेष...

### धान खरीदी...

की कमी के कारण बहुत ज्यादा परेशान हैं। अभी तक खरीदी प्रभावित नहीं हुई है। वहीं आगामी दिनों में यह समस्या और बढ़ने की बात कही जा रही है। किसानों से इस बार भी 21 क्विंटल प्रति एकड़ की दर से धान की खरीदी की जा रही है। केंद्र में धान लेकर पहुंचने वाले किसानों से 50 प्रतिशत बारदाना मंगाया जा रहा है। बारदाने की कमी से किसान टोकन लेने के बाद भी धान नहीं बेंच पा रहे हैं। बारदाने की कमी की वजह मिलर की हड़ताल है। बताया जा रहा है कि कस्टम मिलिंग में जो धान गयी है वहां से बारदाने वापस सोसाइटी नहीं आए हैं। वहीं 50% नए बारदाने में खरीदी होगी और 50% पुराने बारदाने में होनी है। केंद्र के अधिकारी कर्मचारी को मिलर्स की हड़ताल खत्म होने का इंतजार है।इस मौके पर किसानों से चर्चा के दौरान ब्रांच मनेजर शेष नारायण पाण्डेय,नोडल अधिकारी माधव देवांगन, सह रवि मिश्रा, समिति प्रबंधक संतु साहू, प्राधिकृत अधिकारी ईतवारी सिन्हा, कम्प्यूटर आपरेटर रूपेन्द्र साहू, लिपक हेमन्त साहू भाजपा कार्यकर्ता अभय सिन्हा, डंकु सिन्हा, दुर्गा राम यादव उपस्थित थे।

### पीएम आवास...

का निष्पक्ष और समयबद्ध समाधान किया जाए, ताकि आमजन को राहत मिले। जनदर्शन में ग्राम पारागावं की सोनम यादव ने राशन कार्ड एवं विकलांग कार्ड बनाने ,ग्राम बुटेंगा के समस्त ग्रामवासियों ने आंगनबांड़ी भवन को पूर्ण एवं अधूरा नल जल टंकी को पूर्ण कराने ,ग्राम अच्छाछड़का की रुखमणि यादव ने वन भूमि पट्टा दिलाने, ग्राम बेलटुकरी की भागेश्वरी तारक ने शौचालय निर्माण करने , ग्राम लफंदी के द्वारुराम ने ऑनलाइन नक्शा व रकबा सुधार करने की मांग की।

### ओडिशा की शराब...


लीटर कच्ची महुआ शराब जुमला कीमती 1750 रुपए को अवैध रूप से बिक्री हेतु पैदल परिवहन करते पाये जाने पर अपराध धारा 34 (2) छ0ग0 आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान आबकारी एक्ट में दिये गये निहीत प्रावधानो के अनुसार कार्रवाई कर आरोपी विनोद धुर्वा को गिरफ्तार कर हिरासत में लिया गया।

## खबर संक्षेप

### विधायक ध्रुव की अनुशंसा पर 20 निर्माण कार्यों के लिए मिले 76 लाख से अधिक

**मैनपुर।** बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव की अनुशंसा पर कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने 20 निर्माण कार्यों के लिए 76 लाख 51 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है।

जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार जनपद पंचायत छुरा



अंतर्गत ग्राम पंचायत रसेला के आश्रित ग्राम कारीमाटी के वार्ड 13 में सीसी रोड निर्माण के लिए 5 लाख रूपये, ग्राम पंचायत रसेला के आश्रित ग्राम बेलडीह में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 5 लाख रूपये तथा ग्राम पंचायत भरूवामुड़ा के ग्राम हीराबतर में नेताम पारा में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 5 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। इसी प्रकार जनपद पंचायत गरियाबंद अंतर्गत ग्राम पंचायत दर्रीपारा में हायर सेकेण्डरी स्कूल दर्रीपारा में अहाता निर्माण के लिए 3 लाख रूपये मिले हैं। जनपद पंचायत देवभोग अंतर्गत ग्राम पंचायत सीनापाली में मुकेशदास घर से बाजारपारा तक सीसी रोड निर्माण के लिए 5 लाख रूपये, ग्राम पंचायत सुकलीभाठा नवीन के आमपारा मार्ग में चरण खेत के पास पुलिस निर्माण के लिए 10 लाख, ग्राम पंचायत के ग्राम मुरलीगुड़ा वार्ड 9 में सीसी रोड निर्माण के लिए 5 लाख रूपये मिले हैं। इसी प्रकार जनपद पंचायत छुरा, गरियाबंद एवं मैनपुर के 8 निर्माण कार्यो के लिए प्रत्येक निर्माण कार्य हेतु 1 लाख 69 हजार रूपये कुल 13 लाख 52 हजार रूपये की लागत से आंगनबाड़ी भवन निर्माण कराया जाएगा।

### खेती कार्य करने गए व्यक्ति की बाइक चोरी

**महासमुंद।** सांकरा थाना क्षेत्र के ग्राम गबौद में खेत के पास बाइक खड़ी कर खेती कार्य करने गए व्यक्ति की बाइक चोरी हो गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। नित्यानंद ठाकुर पिता कंशराम ठाकुर 39 साल निवासी गबौद ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया है कि 23 नवम्बर को वह अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जी 9853 में अपने खेत ग्राम गबौद जंगल जाने के रास्ते में अपने खेत के पास अपनी मोटर सायकल को खड़ी कर खेती कार्य करने अपनी खेत में गया। मोटर सायकल का हैण्डल लॉक नहीं किया था। लगभग 3 घण्टा के बाद वापस आकर देखा तो मोटर सायकल चोरी हो गई थी। आसपास पतासाजी के बाद भी बाइक नहीं मिली। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ 303(2) बीएनएस के तहत अपराध कायम किया है।

### चिकित्सा अधिकारी की कार को पिकअप ने मारी ठोकर

**महासमुंद।** पटेवा थाना क्षेत्र के ग्राम बकमा में चिकित्सा अधिकारी की कार को एक पिकअप ने ठोकर मार दी, जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने पिकअप चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। थाने में दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक, रामसागर भावा पटेवा निवासी डॉ. प्रेम चंद वर्तमान में शासकीय अस्पताल बागबाहरा में चिकित्सा अधिकारी के पद पर पदस्थ हैं। 24 नवम्बर को वे अपनी कार क्र. सीजी 04 एनजी 4847 से ग्राम बकमा स्टाफ नर्स जिनम बाघ को ड्यूटी के लिए लाने गए थे। शाम करीबन 07:30 बजे स्टाफ नर्स जिनम बाघ के घर के पास पहुंचकर अपनी कार को साईड में खड़ी कर कार का इंटीगेटर लाईट को चालूकर कार अंदर बैठकर डॉ. प्रेम चंद इंतजार कर रहा था उसी समय सामने से पिकअप क्रमांक सीजी 06 जीजे 4792 का चालक अपनी पिकअप वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर कार को सामने से ठोकर मार दिया, ठोकर मारने से कार चबूतरा से टकराकर प्रवेश द्वार खंभा से टकराया, जिससे कार का सामने भाग, दोनों साईड एवं पीछे भाग बुरी तहत क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस ने मामले की शिकायत के बाद आरोपी पिकअप वाहन चालक के खिलाफ 281बीएनएस के तहत अपराध कायम किया किया है।


**सौगात : 6.50 लाख रुपए की लागत से कराया गया है निर्माण**

# गुंडरदेही में आदिवासी समाज सामुदायिक भवन का अमितेश शुक्ल ने किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

ग्राम गुंडरदेही में 6.50 लाख की राशि से बने आदिवासी सामुदायिक भवन का लोकार्पण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के प्रथम पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री अमितेश शुक्ल ने फीता काटकर किया। अमितेश शुक्ल के ग्राम पहुंचने पर समाज के लोगों नें भव्य स्वाागत किया।

कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि अमितेश शुक्ल ने कहा कि आज अत्यधिक खुशी की बात है कि आप लोगों के बीच मुझे आने का मौका मिला। सदैव यह कहते आया हूं आज फिर एक बार इस बात को दोहराना चाहूंगा की आदिवासी समाज के लोग बहुत सीधे साधे और भोले भाले होते हैं। ये हमेशा अपने आदर्शों व सिद्धांतो पर चलते हैं। सबसे अच्छी बात यह है की आजकल के युवा भी आधुनिकता के साथ अपने मूल परम्परा और संस्कार नहीं छोड़े हैं। आप लोगों को बताना चाहूंगा की चुनाव के समय आदिवासी समाज के लोगों को तरह तरह का प्रलोभन देकर बरगलाने का काम किया गया था। लेकिन समाज के भलीभांति जानते है कि कौन सी पार्टी हमारे लिए सोचती है ? और हमारे समाज के उत्थान के लिए काम करती है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए पूरी राजिम विधानसभा के आदिवासी समाज मेरा साथ दिए और किसी के प्रलोभन में नहीं आए। चुनाव में भाजपा तरह तरह का प्रलोभन दी, किसानों को एकमुस्त 3100 रुपया प्रति क्विंटल धान का समर्थन मूल्य देने का वादा किया था। लेकिन आज किसानो को ठगा जा रहा है। किसानों को 2300 रुपया प्रति क्विंटल के दर से राशि दी जा रही है। कांग्रेस की सरकार में मैंने खुद मुख्यमंत्री को बोलकर फिंगेश्वर ब्लॉक में जामगांव के 18 गाँव के किसानों की सिचाई की व्यवस्था के लिए सूखा नदी में बैराज के लिए घोषणा कराई थी। स्वीकृति होने के बाद बजट में पैसा पास भी हो गया था। लेकिन भाजपा की सरकार आते ही बैराज का कोई अता पता नहीं चल रहा है। पता नहीं बैराज बनेगा के नहीं? इसका पैसा आएगा के नहीं? इन्होंने अपने चुनावी घोषणा पत्र में सिकासार बांध के पानी को महासमुंद और सराईपाली देने की बात कही है। पानी की कमी बताकर कई जगह घोषणा किया जा रहा है। अगर किसान रवि फसल में दलहन,तिलहन की जगह धान लगायेगा तो 50 हजार जुर्माना लिया जायेगा ऐसा शोर है। स्व. श्यामाचरण शुक्ल के समय से यहां दौरा में आते रहा हूं। लेकिन आज तक किसानो के साथ ऐसा अन्याय नहीं हुआ है। जब पानी की कमी है तो सिकासार बांध का पानी महासमुंद और सराईपाली क्यों ले जा रहे हो?



**ये रहे उपस्थित**

कार्यक्रम मे अध्यक्षता आदिवासी समाज के प्रदेश अध्यक्ष पन्नालाल ध्रुव,विशिष्ट अतिथि आदिवासी गोड समाज के जिलाध्यक्ष पुरनसिंग ठाकुर,गंगाराम नेताम,बाबूलाल ध्रुव आदि लोग शामिल थे। कार्यक्रम में केदार प्रसाद ध्रुव,पुराणिम ध्रुरव,ओंकार सिंह ध्रुरव,सुरेश ध्रुरव,जनपद सदस्य रामाधीन ध्रुरव,सरपंच आनंद राम साहू,कमल भारती,गैंदलाल यादव,कमलेश सिन्हा सहित आदिवासी गोड़ समाज 84 राज के लोग उपस्थित थे।

## संविधान की प्रस्तावना ही संविधान की है आत्मा




**फिंगेश्वर।** फणिकेश्वर नाथ शासकीय महाविद्यालय फिंगेश्वर में राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों, कर्मचारियों तथा छात्र–छात्राओं को संविधान दिवस के अवसर पर भारतीय संविधान के प्रस्तावना का वाचन कराया गया। विदित हो कि 26 नवम्बर 1949 को भारत की संविधान सभा द्वारा विश्व के वृहत्तम लिखित भारतीय संविधान का लेखन का कार्य पूर्ण हुआ था, जिस हेतु 2 वर्ष 11 माह 18 दिवस लगे थे। हम सभी भारतीयों के लिए यह एक असीम गौरव का पल था। शासन के निर्देशानुसार 26 नवम्बर की तिथि को प्रत्येक वर्ष 'संविधान दिवस' के रूप में मनाया जाता है। इसी तारतम्य में महाविद्यालय में हर्ष और उल्लास के साथ संविधान दिवस मनया गया।महाविद्यालय की प्राचार्य श्वेता मिश्रा ने संविधान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 'भारतीय संविधान भारत के समस्त नागरिकों के अधिकारों का रक्षक है और संविधान से ऊपर कुछ भी नहीं हैं। राजनीति शास्त्र के प्राध्यापक तीरथ राम कपूरी ने छात्र–छात्राओं को संविधान के विभिन्न स्वरूपों का वर्णन करते हुए विभिन्न सभाओं पर विस्तृत व्याख्यान देते हुए कहा कि 'भारतीय संविधान की प्रस्तावना ही भारतीय संविधान की आत्मा हैं। महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आवश्वासन प्रकोष्ठ प्रभारी प्रो. कमलेश्वर प्रसाद निषाद ने संविधान की प्रस्तावना में उल्लेखित 'सम्पूर्ण प्रभुत्व–संपन्न, पंथ निरपेक्ष, लोकतंत्र,न्याय आदि शब्दों का अर्थ स्पष्ट करते हुए कहा कि भारतीय संविधान की प्रस्तावना संपूर्ण संविधान का संक्षिप्त प्रतिबिंब है। भौतिकी शास्त्र के प्राध्यापक प्रो. रितेश गोलछा ने छात्र–छात्राओं को संविधान में उल्लेखित नागरिक अधिकारों का उल्लेख करते हुए संविधान की प्रस्तावना को सशब्द मौखिक याद करने हेतु प्रेरित किया। बी.कॉम. द्वितीय वर्ष की छात्र मानषी सोनी ने स्वस्फूर्त बिना देखे व बिना अटके 'संविधान की प्रस्तावना' का वाचन सभा में किया। वनस्पति शास्त्र की प्राध्यापक डॉ. अलका कौशिक ने सभा में उपस्थित सभी सभासदों को संविधान की प्रस्तावना का वाचन व संकल्प कराया। कार्यक्रम की सफलतम आयोजन हेतु सभी प्राध्यापकगण तथा छात्र–छात्राओं ने योगदान दिया।

## साय सरकार के 9 माह छत्तीसगढ़ में सुशासन और पुनरोदय के हो रहे साबित : भागवत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर


प्राथमिक साख सहकारी समिति परसदाकला के प्राधिकृत अधिकारी जनक श्रीवास ने अतिथियों के साथ मां भारती, छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा के साथ पदभार ग्रहण किया। शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन सोमवार को खरीदी केंद्र में किया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि वरिष्ठ भाजपा नेता एवं भाजपा संयोजक राजिम विधानसभा भागवत हरित ने सोमवार को परसदाकला पदभार शपथ ग्रहण समारोह में किसानों कों सम्बोधित करते हुए कहा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की 9 महिने के कार्यकाल 13 दिसम्बर 23 से 13 सितम्बर 24 में पूर्ण हुये हैं। साय सरकार के 9 माह छत्तीसगढ़ में सुशासन और पुनरोदय साबित हो रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अधिकांश गांरटी को रिकार्ड समय में पूरा करके प्रदेश के मुखिया ने की जनता के बीच अपनी विश्वनीयता और बढ़ा ली है। अपने किये गये वायदे को पूरा करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता का परिचय देने वाली प्रदेश की सरकार ने गरीब,किसान, महिला,और युवाओं के हित में बड़ा फैसला लिया है। समारोह को जिला भाजपा पुर्व अध्यक्ष डा.रामकुमार साहू, मंडल अध्यक्ष प्यारे लाल सोनकर,जनक श्रीवास,नारद साहू ने भी सम्बोधित किया। समिति प्रबंधक डेमन साहू ने कहा आनलाइन 60% और आफ लाइन 40% की सुविधा हो गई है। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता भागवत हरित ,पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष रामकुमार साहू,फिंगेश्वर भाजपा मंडल अध्यक्ष प्यारेलाल सोनकर, वरिष्ठ भाजपा नेता रामू राम साहू,नेमीचंद देवांगन जनपद सदस्य, कुलेश्वर निषाद उपसरपंच,नारद साहू पुर्व अध्यक्ष, सरपंच प्रतिनिधि मोहन विश्राम निषाद रिकेश साहू युवा भाजपा नेता,छगनलाल साहू,गिरधारी निषाद, प्रेमलाल टोडर ,गया राम सिन्हा, उपसरपंच कुलेश्वर निषाद ,रामप्रसाद साहु, तातु राम साहू, लेखराम साहू,राजू सेन,पुनम निषाद समीति प्रबंधक प्रबंधक डेमेन साहू, रेखराम सिन्हा, मिथुन,रामूराम साहू, ओंकार साहू, पीलू राम साहू,गुणित राम साहू, श्यामलाल, भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष रवि साहू,हूकुमत साहू,गुलाब सिन्हा,बिहारी साहू ,अलख जानिकराम,फलेश्वर साहूखुडसा पतोरा गनियारी पतोरी घोघरा करैता इत्यादि उपस्थित थे।



## मातृत्व व शिशु संरक्षण के साथ-संपूर्ण जवाबदारी निभा रही हैं मितानिनें व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

ग्राम पंचायत रानीपरतेवा में मितानिन एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कृषि एवं मत्स्य सभापति प्रह्लाद यदु जनपद पंचायत छुरा की अध्यक्षता में आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता रूपसिंग साहू जिला गरियाबंद रहे। ग्राम पटेल साधुराम निषाद, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष कन्हैया निषाद एवं हुलसीबाई पूर्व अध्यक्ष ध्रुव तिरंगा संकुल संगठन रानी परतेवा बतौर विशेष अतिथि विराजमान रहे। केशरी हेमलाल नेताम ग्राम सरपंच रानीपरतेवा ने समस्त अतिथियों का शाल, श्रीफल एवं बैच लगाकर स्वागत किया। वहीं अतिथियों ने ग्राम में निरंतर सेवा दे रहीं मितानिन एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं का सम्मान किया।



सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि रूपसिंग साहू ने संबोधित करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की सेवा अनमोल है, जो बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा प्रदान करते हैं और साथ ही बच्चों को सुपोषित भोजन कराकर कुपोषण से दूर रखते हैं व गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार प्रदान कर उनका संपूर्ण देखभाल करने का काम निस्वार्थ भाव से आंगनवाड़ी कार्यकर्ता करते हैं। हमारे मितानिन बहनों ने भी गांवों के मातृत्व एवं शिशु संरक्षण के साथ-साथ दाई के संपूर्ण जवाबदारी निभा रही है। उनके सेवाओं को मैं प्रणाम करता हूं। इनके सेवाओं का सम्मान करते हुए अपने आप को गौरवान्वित कर रहा हूं। प्रह्लाद यदु ने कहा कि मितानिन, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के काम की जितनी तारीफ की जाए वह कम है। बच्चों को बढ़ाने के साथ-साथ गर्भवती मां के संपूर्ण देखभाल के जिम्मा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका उठाते हैं। टीकाकरण बच्चों का वजन त्यौहार न जाने अनगिनत काम ये लोग बड़े निःस्वार्थ भाव से करते हैं। आज उनकी सेवा को सम्मान करने का अवसर मुझे प्राप्त हुआ। कार्यक्रम को साधुराम निषाद एवं कन्हैयालाल ने भी संबोधित किया। ग्राम सरपंच केशरी नेताम ने सभी अतिथियों एवं ग्राम वासियो का आभार प्रकट किया।

इस अवसर पर मितानिन रुपई साहू कमला साहू, प्रेम बाई साहू, शुशीला निषाद, संगिता निषाद, तामेश्नरी निषाद, सकुन निषाद, भाग बती साहू एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता धनेश्वरी साहू, नीरा दिवान, पलम्नी मोगरे, हुमिका साहू व आंगनबाड़ी साहायिका मीरा मानिकपुरी, केशर गोस्वामी, पंचायत प्रतिनिधि, हेमलाल नेताम, उपसरपंच गिरधर निषाद, पंच लीलाधर ध्रुव,दानेश्वर सिन्हा, अंजना साहू, दुलारी निषाद, त्रिवेणी निषाद, मतेश्वरी ध्रुव, केशव कंवर, तरुण, कुमारी, तीजिया, रेवती, छगन निषाद,ओम्बाई,अनिता सेन,सोनम ध्रुव सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



### सेंट जॉन्स इंग्लिश मीडियम स्कूल में मना संविधान दिवस

**छुरा।** सेंट जॉन्स इंग्लिश मीडियम स्कूल के छात्रों ने 26 नवंबर को एक विशेष प्रातःकालीन सभा के दौरान संविधान दिवस को बड़े उत्साह के साथ मनाया। इस आयोजन का उद्देश्य भारतीय संविधान को सम्मान देना और इसके मूल्यों को छात्रों में स्थापित करना था।सभा की शुरुआत प्रस्तावना के पाठ से हुई, जिसके बाद एक संक्षिप्त भाषण दिया गया। जिसमें संविधान दिवस के महत्व और इसके ऐतिहासिक पहलू पर प्रकाश डाला गया। एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। विभिन्न कक्षाओं के छात्रों ने इसमें उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने ज्ञान और प्रतिस्पर्धी भावना का प्रदर्शन किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या, बिंदु जॉर्ज जैकब ने छात्रों को संबोधित करते हुए संविधान में निहित अधिकारों और जिम्मेदारियों को समझने के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम का समापन न्याय, समानता और स्वतंत्रता जैसे संवैधानिक सिद्धांतों को बनाए रखने की शपथ के साथ हुआ।

## युवराज तीसरी बार चुने गए व्यापारी संघ के अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

नगर से करीब 3 किलोमीटर दूर स्थित बाबाकुटीधाम में श्रीद्वार सिवनी व्यापारी विकास संघ की बैठक संपन्न हुई। संरक्षकों के द्वारा मंदिर में जाकर पूजा पाठ कर बैठक को प्रारंभ किया गया।

वार्षिक आय–व्यय यात्र संबंधित चर्चा व चुनाव किया गया। चुनाव में पूर्व में अध्यक्ष रहे युवराज सिन्हा को पुनःतीसरी बार व्यापारी संघ फिंगेश्वर का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। वहीं पर कार्यकारिणी के नए सदस्यों का गठन कर सभी व्यापारी बंधुओ का चंदन, बंदन,गुलाल लगाकर,फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। बैठक को संबोधित कर युवराज सिंहा ने कहा कि आप सभी व्यापारी बंधुओं ने तीसरी बार सैकड़ो की संख्या में आशीर्वाद के रूप में अध्यक्ष बनाया है। सबकी छोटी–बड़ी समस्या को हरसंभव हल का प्रयास करेंगे। आप सभी के आशीर्वाद और मार्गदर्शन हमेशा मिलता रहे। संघ के संरक्षक यदुनंदन श्रीवास,महेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि आज



इतनी बड़ी संख्या में आप सभी अपना कीमती समय निकाल कर आए हैं । इस बैठक को सभी लोगो अपनी उपस्थिति देकर बैठक की गरिमा बढ़ाई है जो प्रशंसनीय हैं। कार्यक्रम मे उपाध्यक्ष पद के लिय चमन यदु,सचिव भीखम लाल साहू ने अपना वार्षिक आवक जावक संबंधित जानकारी दिया।

बैठक में संरक्षक यदुनंदन श्रीवास,संरक्षक महेंद्र सिंह ठाकुर,राम प्रसाद साहू,नत्थू कश्यप,नेमीचंद जैन,रमलू टांडेकर, संघ के अध्यक्ष युवराज सिंहा,उपाध्यक्ष चमन यदु,भीखम साहू,हरिशंकर सिन्हा,त्रिलोक यदु,जितेंद्र सिन्हा,करीम खान,कार्यकारिणी कृष्णा पिंटू श्रीवास,मनोज सोनकर, मोनू गुप्ता,गणेश साहू,लीलाधर साहू, भाजपा नेता रामू राम साहू,नेता अशोक साहू,मधु रात्रे,शत्रुघ्न साहू,ओम प्रकाश साहू,पप्पू साहू,अमन केवल,अनिल साहू,बिल्लू सनी,चीकू सोनी,गोवर्धन सोनी,दादू महाराज,धर्मेंद्र निर्मलकर,दिलीप निषाद,अशोक श्रीवास,डॉक्टर नागमता,गिरधारी देवांगन,गोलू फ्लेक्स, हेमंत साहू,हीरा सिंह,जीतू श्रीवास,महेश सिंह,मोनू साहू,मंगलम,नरेंद्र निषाद,ऋषिकेश सूर्यवंशी,पीतांबर निर्मलकर,प्रकाश श्रीवास,पन्नालाल साहू,आशुतोष सिंह ठाकुर,रूप साहू, सुशील शर्मा,सुनील निर्मलकर,कृष्णा साहू,ऋषि साहू,वेदराम साहू,राधे गुडवा एवं सम समस्त द्वारशिवानी व्यापारी विकास संघ के पदाधिकारी सदस्य उपस्थित थे।

## किसानों अपना बोरा भरकर कांटा कर रहे और पचास परसेंट कट्टा भी दे रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)

आदिम जाति सेवा सहकारी समिति खड़मा, रानीपरतेवा,लोहझर, पंक्तियां, पीपरछेड़ी, अकलवारा सोरिद खुर्द,साजापाली, खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी सुचारू रूप किया जा रहा है। क्षेत्र के किसान टोकन आनलाइन कटवा कर धान को सीधे खरीदी केन्द्रों ला रहे हैं खरीदी केन्द्रों में बोरा की समस्या बनी हुई है। समितियों द्वारा गांव में मुनादी कराई गई है कि जो किसान धान लायेंगे वह आधा बोरा स्वयं को लाना होगा तभी किसानों का धान खरीदी की जाएगी। इस बात को सुनकर किसानों में खलबली मची हुई है किसानों के पास कहां से बोरा आयेगा जो समिति को आधा बोरा देगा। किसान अपने साल भर के कमाई खरीदी केन्द्रों में ला कर रखा रहे हैं जो किसान बोरा दें रहे हैं। उसी का धान खरीदी की जा रही है और जो किसान बोरा नहीं दे रहे हैं। उसका धान वापस किया जा रहा है। किसान खरीदी केंद्र तक लेदेके भाड़ा देकर लाते हैं। और फिर वापस ले जाने के लिए फिर भाड़ा देना होगा तो किसान बोरा की समस्या से परेशान हो रहे हैं।



■ अपना बोरा नहीं लाने वालों का धान नहीं ले रही समितियां

वही उपार्जन केंद्र पक्तियां में किसानों को धान बोरा एवं खरीदी केंद्र में हेमालो की कमी का समस्या से किसान अपना धान का बिक्री खरीदी केंद्रों में स्वयं धान भर कर काटा तौला जाता है। खरीदी केंद्र में किसानों को ही पचास परसेंट कट्टा देना पड़ रहा है जिससे किसान परेशान है । जिससे ग्रामीण अध्यक्ष शालिक राम सेन व ग्रामवासी कमल सिंह ध्रुव ग्राम पटेल, रामनारायण साहू, सोहन विश्वकर्मा, साधुराम ध्रुव, लखन ध्रुव, अर्जुन पटेल, मुन्ना बंजारे सहित क्षेत्र के किसान एवं समस्त ग्रामवासी के द्वारा शासन प्रशासन से कट्टा एवं हेमाल की मांग करते हुए कहा कि जल्द से जल्द शासन प्रशासन इस पर ध्यान दे नही तो किसान उग्र आन्दोलन करने की बात कही है।



## खबर संक्षेप

### बिजली स्कूल में मना संविधान दिवस



**फिंगेश्वर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित व श्रीफल फोड़कर किया गया।

इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन करते हुए कहा कि किसी देश को सुचारू रूप से चलाने के लिए संविधान की जरूरत होती है। संविधान कानून का एक अहम दस्तावेज है। यह सरकार के मूल संरचना और इसके कार्यों को तय करता है। संविधान लोकतंत्र का मूल आत्मा होता है और राज्य के सभी नागरिकों को समान अधिकार देता है। देश के प्रशासन को सुचारू रूप से चलाने के लिए नियम बनाता है। संविधान देश के अन्य सभी कानूनों से श्रेष्ठ होता है। संविधान के मुताबिक मूल शक्ती हर राष्ट्र की जनता में होती है। इसलिए भारतीय संविधान भारत की सर्वोच्च विधि है। दिनेश कुमार साहू व्याख्याता ने कहा कि इस दिन भारत ने अपने संविधान को अपनाया था। 1946 में संविधान बनाने के लिए संविधान सभा का गठन किया गया और इसे बनाने में 2 वर्ष 11 माह और 18 दिन का समय लगा। भारतीय संविधान मौलिक अधिकारों की रक्षा करता है। कार्यक्रम के अंत में विकसित भारत अभियान के तहत इंडियन नेवी क्विज प्रतियोगिता 2024 में सहभागिता के लिए रितु सेन एवं कुशमी निषाद 11वीं को प्रशस्ति पत्र एवं कलम भेंटकर उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन हसीना निषाद 11वीं ने किया।

इस अवसर पर प्राचार्य पूरन लाल साहू, व्याख्याता दिनेश कुमार साहू, विनय कुमार साहू, नरेन्द्र कुमार वर्मा, गीतांजली नेताम,संतोषी गिलहरे,नकुलराम साहू, रुद्रप्रताप साहू, क्लर्क दुष्यंत कुमार साहू, भृत्य आकाश सूर्यवंशी व छात्र छात्राएं उपस्थित थीं।

### डीएवी स्कूल में मना 75वां संविधान दिवस



**मैनपुर।** भारत के लिए 26 नवम्बर का दिन काफी खास रहा। इसी दिन हमारे देश ने संविधान को अपनाया था। बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के नेतृत्व में हमारा संविधान बना, इसके बाद इसे आज तक सर्वोपरि माना जाता है। इस बात को आज 75 साल हो गए हैं। देश आज संविधान दिवस मना रहा है। राष्ट्रीय सेवा योजना डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल मुंगझर में संविधान दिवस मनाया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी नीरज कुमार साहू ने शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ डॉ. भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित किया। शिक्षक झसकेतन सोनी और अजय कश्यप द्वारा भारतीय संविधान के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी। संविधान के महत्व और अंबेडकर की अवधारणा और उनके विचारों से बच्चों को अवगत करवाया, तत्पश्चात विद्यार्थियों को संविधान कि प्रस्तावना की शपथ दिलाई गई।

# आनलाइन सिस्टम से 136 किसानों का टोकन नहीं कटने से बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रसेला

■ चार से पांच दिन में सुधार नहीं होने पर आंदोलन की दी चेतावनी

खरीदी केंद्र रसेला में समिति के अंतर्गत क्षेत्र के किसानों को धान बेचने के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसान कार्तिक पिता परसु, खेमसिंह पिता अलाल, नरेश्वर पिता दुखू राम, जगत पिता गणेश, दुष्यंत पिता पुनित, नरेश पिता करण, बिरसिग पिता धनेश्वर सहित 136 किसानों का आनलाइन टोकन काटने के लिए मोबाइल पर आवेदन करते हैं तो मोबाइल पर मैसेज आता है कि आपका डी.एम.आर. कैश/ वस्तु खाता क्रमांक सत्यापन नहीं हुआ है। अकाउंट सत्यापन के बाद ही टोकन प्राप्त किया जा सकेगा। यहां मैसेज किसानों के मोबाइल में आ रहा है। जिसके कारण किसानों की परेशानी और बढ़ गई है। किसान इस स्थिति में मजदूर और हार्वेस्टर, थेस्त्र वाले को पैसा देने के लिए औने-पौने दाम मे धान बेचने के लिए मजबूर हो रहे हैं। सब किसान बारी बारी से टोकन काट कर धान बेच रहे हैं। ये सभी किसान हर रोज खरीदी केंद्र में आकर समिति के कर्मचारी और कंप्यूटर आपरेटर को पूछ रहे हैं कि हमारे टोकन क्यों नहीं कट रहा है या हर किसान अपने अपने मोबाइल पर टोकन काटने का प्रयास हर रोज करके देख रहे हैं। समिति के प्रभारी प्रबंधक पंकज कुमार यादव और कंप्यूटर आपरेटर पुपेश्वर चन्द्राकार ने बताया कि इस जानकारी बैंक को दे दिया गया और कहा कि यहां काम एनआईसी से हो पाएगा। मगर किसानों का कहना है कि कब तक होगा मगर यहां बात किसी को पता नहीं है। किसानों ने कहा कि पिछले कई वर्षों से धान बेचते आ रहे हैं, मगर ऐसा पहली बार देखने को मिला रहा है।

## डी.एम.आर. कैश, वस्तु खाता क्रमांक सत्यापन नहीं होने का आ रहा मैसेज




### कनसिधी समिति में भी ऐसी ही समस्या

इसी तरह कनसिधी समिति में भी 28 किसान ऐसी ही समस्या से जूझ रहे हैं। इस समस्या के चलते अधिकांश किसान धान नहीं बेच पाए हैं और इस कारण से किसानों को कई समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि 4 से 5 दिन में हम लोगों का सुधार नहीं किया तो चक्काजाम करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।



**समारोह :** विधायक ने आईसोलेशन वार्ड एवं उन्नयन कार्य का लोकार्पण और बीपीएच यूनिट के लिए भूमिपूजन किया

# डॉक्टर, मरीजों के साथ अच्छा व्यवहार करके त्वरित उपचार से दें राहत : साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम

मंगलवार को राजिम मुख्यालय में एक समारोह के बीच विधायक रोहित साहू ने आईसोलेशन वार्ड एवं उन्नयन कार्य का लोकार्पण तथा बीपीएच युनिट के लिए भूमिपूजन कर कहा कि डॉक्टर को भगवान का दूसरा रूप समझा और माना जाता है। मैं डॉक्टरों से उम्मीद करता हूं कि अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों का त्वरित उपचार करने के साथ ही अच्छा व्यवहार करें। कहा कि यदि अच्छा व्यवहार करोंगे तो वह मरीज अपने गांव में तारीफ करेंगे। डॉक्टरों से कहा कि पूरी इमानदारी के साथ अपना काम करें। समय पर डयूटी में पहुंचे। मैं कभी भी आधी रात को निरीक्षण के लिए अस्पताल आ सकता हूं। यदि डयूटी में मौजूद में नहीं पाये गए तो कार्यवाही के लिए आप तैयार रहें।

उन्होंने बताया कि पिछले दिनों वे जिला मुख्यालय गरियाबंद में निरीक्षण के लिए आधी रात को जिला अस्पताल पहुंच गए थे। वहां अव्यवस्था देखकर मैनें सिविल सर्जन के खिलाफ कार्यवाही के लिए अनुशंसा कर दी। विधायक श्री साहू ने कहा कि गरीब और मध्यम वर्ग के लोग अपना इलाज कराने सरकारी अस्पताल आते हैं। ऐसे मरीजों के साथ बहुत सरलतापूर्वक पॉजिटिव बात करें। आपके अच्छा बात करने पर मरीज ऐसे ही आधा ठीक हो जाएंगे। विधायक ने कहा कि वे स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर सुधारने की चिंता शुरू से करते चले आ रहे हैं। वे जब विधायक नहीं थे। जिला पंचायत के सदस्य थे। सरपंच संघ के अध्यक्ष थे तब से लोगों के हर सुख, दुख में खड़े होते रहे हैं। उन दिनों भी जब उनके ध्यान में किसी दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति या बीमार व्यक्ति के संबंध में आया वे तुरंत हॉस्पिटल पहुंचते थे। उस समय जो डॉक्टर वीरेन्द्र हिरौंदिया थे, वे आज भी इसी हॉस्पिटल में है। उन्हें अच्छी तरह से मालूम है कि मैं एक ऐसा व्यक्ति हूं जो हर किसी की पीड़ा को महसूस करते हुए हमेशा साथ खड़ा रहा हूं।



### राजिम में बनेगा भव्य बस स्टैंड

विधायक साहू ने बताया कि राजिम में भव्य बस स्टैण्ड बनेगा, जिसका भूमिपूजन के लिए उन्होने सीएम विष्णुदेव साय से समय ले लिया है। यह शीघ्र होगा। आज राजिम क्षेत्र के गांवों में सर्वसुविधायुक्त बनाने के लिए कार्ययोजना तैयार की गई है। अभी 70 गांवों में पानी, नाली, रोड के लिए उन्होंने करोड़ों रूपए स्वीकृत कराया है। बीएमओ डॉ. वीरेन्द्र हिरौंदिया की मांग पर डॉक्टर एवं स्टाफ के आवास के लिए राशि स्वीकृत कराने की बात कही है।

### मरीजों के विश्वास को डॉक्टर हमेशा बनाकर रखें : चंदूलाल

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व सांसद चंदूलाल साहू ने कहा कि डॉक्टर मरीजों के साथ अच्छा व्यवहार रखें। हर दुःखी, पीड़ित व्यक्ति जब अस्पताल पहुंचता है तो उनके मन में यह भावना आती है कि मैं यहां आ गया हूं, अब ठीक हो जाऊंगा। मरीजों के इस विश्वास को डॉक्टर हमेशा बनाकर रखें। कहा कि अभी जितनी भी दुर्घटनाएं हो रही है। दुर्घटनाओं में मौतों भी हो रही है, इसका बड़ा कारण नशा है। लिहाजा लोग नशे से दूर रहे।

### स्थानीय की पीड़ा को परदेशी क्या समझेंगे : संतोष उपाध्याय

विशिष्ट अतिथि राजिम क्षेत्र के पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय ने कहा कि राजिम का प्रतिनिधित्व करने वाला स्थानीय/क्षेत्रिय हो यह सपना हमने बहुत पहले देखा था, क्योंकि स्थानीय की पीड़ा को परदेशी क्या समझ पाएंगे? कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में राजिम निरंतर प्रगति कर रहा है और यह सब भाजपा सरकार और हमारे विधायक रोहित साहू के प्रयास से रास्ते खुलते जा रहा है। उन्होंने बताया कि जब वे विधायक थे तो इसी परिसर में अस्पताल के लिए 2 करोड़ 50 लाख स्वीकृत कराया था, लेकिन जगह की कमी के कारण उसे फिंगेश्वर शिफ्ट किया गया। यहां जो भवन बना है। एक करोड़ सैंतीस लाख रूपए का भवन है। उपस्थित जनसमुदाय से कहा कि आप सपना देखिये उस सपना को पूरा करने जवाबदारी विधायक रोहित साहू और हम सबकी है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य मधुबाला रात्रे, जनपद अध्यक्ष पुष्पा साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष राजिम के प्रतिनिधि जितेन्द्र सोनकर, जिला भाजपा उपाध्यक्ष महेश यादव, मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा, जीवनदीप समिति के सदस्य सोमनाथ पटेल, लेखा महोबिया मौजूद थे। कार्यक्रम में सीएमएचओ गार्गी यदु, बीएमओ डॉ विरेन्द्र हिरौंदिया, डॉ महाड़िक, वंदना साहू, खुशी साहू, मधु नत्थानी, पूरन यादव, देवकी साहू सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक और मितानिन बहने तथा अस्पताल स्टाफ मौजूद था।

विधायक साहू ने कहा कि सोनोग्राफी की मांग वे तब से करते चले आ रहे थे। इस संबंध में कांग्रेस के पूर्व सीएम से उनकी झड़प भी हुई थी। आज राजिम और फिंगेश्वर दोनों जगह के अस्पताल में यह सुविधा हमने उपलब्ध करायी है। क्या यह व्यवस्था पहले नहीं हो सकती थी। उन्होंने कहा कि अस्पताल में नॉर्मल डिलवरी तो हो जाती है, परंतु जब ऑपरेशन की नौबत आती है, तो लोगों को निजी अस्पताल की ओर दौड़ना पड़ता है। वहां के भारी भरकम खर्च को वहन करना कोई आसान काम नहीं रहता। लिहाजा हमने आर्परेशन की व्यवस्था के लिए एक करोड़ दस लाख की स्वीकृति स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल से मिलकर करा ली है। ये क्षेत्रीयता का असर है। इसे रायपुर वाले क्या जानेंगे? जिला अस्पताल गरियाबंद को रिफर सेंटर बनाकर रखे थे। हमने स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल का ध्यान इस दिशा में आकर्षित किया और अब 200 बेड की स्वीकृति मिल गई है और ये सब संभव हुआ है, सीएम विष्णुदेव साय सरकार के सुशासन से।

विधायक ने बताया कि सुपेबेड़ा का डायलिसिस जांच के लिए मरीजों को रायपुर जाना पड़ता था। अब यह जांच गरियाबंद में होगी। विधायक साहू ने बताया कि जितना काम पिछले कांग्रेस शासन के पांच साल में नहीं हुआ उससे ज्यादा काम मात्र तीन महीने के भीतर हुआ है। 45 लाख की लागत से पिण्डदान भवन जहां दूर दूर से आने वाले रूक सकते हैं। राजिम में दत्तात्रेय मंदिर के पास 84 लाख रूपए की लागत से शादी ब्याह या अन्य कार्यक्रमों के लिए मांगलिक भवन बनेगा। बारिशकाल में शिवाजी चौक में घुटने के ऊपर से पानी भर जाता रहा है, इसके नाली निर्माण के लिए भी 90 लाख स्वीकृत किया गया है। इस शहर के भीतर सड़कों एवं टीन शेड के लिए 4 करोड़ 50 लाख की स्वीकृति मिली है।

## ऑन लाइन टोकन कटवाना किसानों को पड़ रहा महंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

धान बेचने किसानों को टोकन कटवाने के लिए सरकार द्वारा लॉन्च किया टोकन तुंहर द्वार ऐप में कभी सर्वर में या और अन्य टेक्निकल परेशानीयों के कारण किसानों को धान बेचने के लिए टोकन काटने में



दिक्कते आने लगी है। असुविधाओं के कारण किसानों को धान बेचने में विलंब और परेशानी हो रही, जिसे देखते हुए किसान एवं युवा नेता हरीश साहू ने धान खरीदी के लिए ऑनलाइन टोकन सिस्टम के अलावा ऑफलाइन टोकन काटने हेतु धान खरीदी केन्द्रों पर टोकन काटने की सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही। उन्होंने कहा कि धान बेचने के तुरंत बाद एक मुश्त पैसा देने का वादा करने वाली सरकार अंतर की राशि रोकना किसानों के साथ विश्वास घात छल बताते हुए कहा छत्तीसगढ़ के प्रथम मुख्यमंत्री द्वारा चालू की गई धान खरीदी योजना का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ में किसानों के आर्थिक स्थिति को मजबूती प्रदान करना था। लेकिन किसानों को आर्थिक की स्थिति तभी मजबुत हो सकती है जब धान का समर्थन मूल्य और बोनस की राशि का भुगतान एक साथ किसानों के खाते में किया जायेगा, जो वर्तमान सरकार अपने घोषणा पत्र में अंकित की थी, जो कि अभी बोनस की राशि को नहीं दे रहे जो अत्यंत लाजमी किसानों के साथ छल है। हरीश साहू ने सरकार को किसानों के साथ न्याय करने की बात कहते हुए इकत्तीस सौ रुपये प्रति क्विंटल के दर से जल्द ही एकमुश्त पैसा किसानों के खाते में डालने का प्रवधान सरकार द्वारा किया जाये जाने की मांग की है।

## स्वास्थ्य प्रेरक और मितानिन कार्यकर्ताएं सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईहा-बेलर



प्राथमिक शाला सिर्रीखुर्द के तत्वावधान में स्वास्थ्य प्रेरक, मितानिन कार्यकर्ता की ग्राम पंचायत सिर्रीखुर्द सरपंच टिकेश साहू के सौजन्य से मंगलवार एवं प्राथमिक शाला सिर्रीखुर्द खोमन सिन्हा की सौजन्य से शनिवार को एक समारोह में सम्मानित किया गया। सम्मान पाने वालों में प्रेरक पार्वति सिन्हा, हेमलता वर्मा, सरस्वती कंडरा, लोकेश्वरी साहू, झामिन साहू, ममता मतावले, नीरा वर्मा, अगेश्वरी साहू का श्रीफल भेंट कर स्वागत सम्मान किया गया। शिक्षक खोमन सिन्हा ने कहा कि मितानिनों का सम्मान कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण आयोजन है, जिसका उद्देश्य मितानिनों के योगदान को प्रतिष्ठित करना है। मितानिनें ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य और पोषण संबंधी एसोसिएटेड संस्थाएं प्रदान करने वाली महिलाएं हैं। उनकी योगदान हमारे समाज के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। हमें मितानिन बहनों का सम्मान करना चाहिए और उनकी सेवाओं की सराहना करनी चाहिए। सरपंच सिर्रीखुर्द टिकेश साहू ने कहा स्वास्थ्य अनुदेशों में भी जाने की जिम्मेदारी भी मितानिनों की है, प्रसूता को सुरक्षित पद प्रदान करने के लिए भी मितानिनों द्वारा स्वास्थ्य अनुदेशों में ले जाने की जिम्मेदारी शासन के सभी संचालित महत्वपूर्ण संस्थानों के साथ-साथ है। जिम्मेदारी मितानिनों की होती है। भागीदारी मितानिनों का सम्मान कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण कदम है, जो मितानिनों के योगदान को सम्मानित करना और उन्हें प्रेरित करना है। सम्मान कार्यक्रम में सरपंच टिकेश साहू, प्रधान पाठक जगन्नाथ ध्रुव, घनश्याम कंवर, मंदाकिनी साहू, निरूपा निषाद, लीलाराम मतवाले, दुर्गेश विश्वकर्मा, खोमन सिन्हा शिक्षक, पंचायत प्रतिनिधि ग्रामवासी उपस्थित थे।

## चरौदा समिति के प्राधिकृत अधिकारी बने ईतवारी राम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईहा-बेलर



कृषक सेवा सहकारी समिति मर्यादित चरौदा मे अशासकीय प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता ईतवारी राम सिन्हा की नियुक्ति की गई है। उन्होंने पदभार एवं शपथ ग्रहण शनिवार को खरीदी केंद्र में किया गया। उन्होंने धान खरीदी केंद्र चरौदा का निरीक्षण किया। किसानों से चर्चा कर ऊंच-नीच परिस्थितियों में सहयोग की आग्रह किया। साथ ही धान को उचित मापदंड गुणवत्ता पुर्ण बेचने को कहा है। क्योंकि यह संस्था आप जैसे किसान की है। कार्यक्रम के मुख्यातिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष प्यारे लाल सोनकर ने कहा भाजपा सरकार एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव सरकार की किसानों की महत्वपूर्ण सुविधाओं धान खरीदी है। नव नियुक्त प्राधिकृत, प्रबंधन कर्मचारी एंव किसान सामंजस्य बना कर समिति का संचालन करें। पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा एंव सरपंच गजेश्वर सिन्हा ने कहा कहा की प्रदेश की विष्णुदेव साय की सरकार में किसानों से मोदी की गारंटी के अनुरूप 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर एंव प्रति एकड़ 21 क्विंटल से धान की खरीदी की जा रही है। भाजपा कार्यकर्ता अशोक साहू ने सरकार जन कल्याणकारी योजनाओं से किसानों के जीवन में समृद्धि आ रही है।

## समाधान ऐप का उपयोग करने का दिया सुझाव

# कृषि कालेज के विद्यार्थियों को दी क्रेडा ने योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फिंगेश्वर



कृषि कालेज एवं अनुसंधान केन्द्र फिंगेश्वर जिला गरियाबंद में छग राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण क्रेडा द्वारा छात्र-छात्राओं को विभाग की विभिन्न योजनाओं और उससे मिलने वाले लाभ के बारे में जानकारी प्रदान कि गई।विगत सप्ताह में क्रेडा द्वारा विभिन्न परियोजनाओं अन्तर्गत स्थापित किये गए सौर संयंत्रों के बेहतर क्रियान्वयन एवं समुचित संचालन-संधारण तथा रख-रखाव कार्य इनके प्रचार पसार एवं समस्याओं के त्वरित निराकरण कि कार्रवाई सुनिश्चित किया जाने हेतु मुख्यमंत्री ने 18 नवंबर को सौर समाधान मोबाइल ऐप का विमोचन किया है। ऐप कि जानकारी तथा सौर संयंत्रों के प्रति जनजागरुकता के लिए क्रेडा गरियाबंद द्वारा संस्था के अधिकारी-कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं हेतु यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सौर समाधान ऐप, सरकार की योजनाएं जैसे डी.डी.यू.जी.वाई.एवं ग्रामीण विद्युतीकरण योजना,नवीन राष्ट्रीय बायो गैस एवं खाद प्रबंधन कार्यक्रम सौर सामुदायिक सिंचाई योजना,जल जीवन मिशन योजना,सौर सुजला योजना आदि के बारे में विस्तार से कृषि विद्यार्थियों एवं अधिकारी,कर्मचारी को महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। यह जानकारी क्रेडा विभाग गरियाबंद के कैलाश मारकण्डे सब इंजीनियर ने दी है। उन्होंने योजना को अधिक से अधिक लाभ उठाने के सुझाव दिए।

**ये रहे उपस्थित-** कार्यक्रम में कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ.गिरिजेश शर्मा के साथ ही डॉ.अजीत मन्नाडे, डॉ.अविनाश गौतम, डॉ.अशोक कुमार कोसरिया, डॉ.सौरभ पद्मशाली, सत्येन्द्र पाटले,डॉ. कुन्तल साटकर एवं डॉ.सुमन रावटे तथा महाविद्यालय के कर्मचारी किरण श्याम एवं शशिभूषण बरिहा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

